प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 31.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मासिक धर्म स्वास्थ्य संविधान के तहत मौलिक अधिकार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मासिक चक्र जीने के अधिकार और निजता के अधिकार का आंतरिक अंग है। सुप्रीम कोर्ट ने लडकियों और महिलाओं की प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य और समानता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और विद्यालयों को कई निर्देश दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को सभी स्कूलों में लडकियों के लिए निशुल्क बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी नेपकिन निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और आर. महादेवन की पीठ ने एक याचिका पर यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। न्यायालय ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि प्रत्येक स्कूल में लडकों और लडकियों के लिए अलग–अलग शौचालय हों।

0000

जैसलमेर के पोकरण में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में कल नेडाल गांव के झबराराम को गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि आरोपी भारतीय सेना से जुडी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं सीमा पार भेजने और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया गया था। वो सोशल मीडिया के जरिये लगातार पाक हेंडलर्स के संपर्क में था। आरोपी से राजस्थान पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेन्सियां पूछताछ कर रही है। आरोपी को आज जयपुर में अदालत में पेश किया गया।

0000

39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव का आज सूरजकुंड में शुभारंभ हुआ। "स्थानीय से वैश्विक–आत्मनिर्भर भारत" विषय पर आधारित इस मेले का उद्‌घाटन उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। 16 दिवसीय शिल्प महोत्सव का समापन समारोह 15 फरवरी को होगा। महोत्सव में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बुनकरों और शिल्पकारों के 12 सौ से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

0000

संत गुरु रविदास की कल 649वीं जयंती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब का दौरा करेंगे। वे आदमपुर हवाई अड्डे का नाम बदलकर श्री गुरु रविदास हवाई अड्डा रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार ने प्रधानमंत्री मोदी लुधियाना के हलवारा हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवन का भी उद्‌घाटन करेंगे। यह टर्मिनल भवन राज्य के लिए एक नया प्रवेश द्वार स्थापित करेगा।

0000

देशभर में किसानों को 25 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं। यह योजना सरकार ने वर्ष 2015 में शुरू की थी, जिसका उद्देश्य भूमि में पोषक तत्वों की कमी को दूर करना है। पिछले वर्ष जुलाई तक इस योजना में 93 हजार से ज्यादा किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। खेतों के छह लाख से अधिक अवलोकन कार्यक्रम आयोजित हुए और हजारों की संख्या में जागरुकता कार्यक्रम रखे गये। सरकार ने कहा है कि ये उपलब्धियां इस योजना के विस्तार और बढ़ते पैमाने को दर्शाती हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड हर दो वर्ष के अंतराल पर वितरित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से भूमि की पोषक तत्वों की स्थिति के बारे में बताया जाता है।

0000

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कल से शुरू होगा। इसके लिए किसान खुद या ईमित्र के माध्यम से 'गेहूँ खरीद के लिए किसान रजिस्ट्रेशन पोर्टल' पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकेंगे। ये पोर्टल खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान पंजीकरण और अन्य खरीद सम्बन्धी जानकारी के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14435 पर सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2026–27 के लिए गेहूँ का

न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपए प्रति क्विंटल रखा है। गेहूं की खरीद प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होगी।

0000

प्रदेश के 12 जिलों में आज बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए ऑरेंज तथा येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा संभाग में तेज हवा और गरज के साथ बरसात की संभावना जताई है। राजधानी जयपुर और कोटा सहित कई जिलों में सुबह से ही बादल छाये हुए है। हालांकि उत्तरी हवाओं के कमजोर पडने और दिन में तेज धूप निकलने के कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढोतरी हुई है। जयपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, दौसा समेत कई जिलों में पारा 2 डिग्री तक बढा है। वहीं कोटा में न्यूनतम तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी हुई है। आज सबसे कम 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान अलवर में रिकॉर्ड किया गया।

0000